छठ घाटों की जायजा लेने पहुंचे विधायक मंगल पाण्डेय

सीवान। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर सिवान सदर के विधायक एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री मंगल पाण्डेय ने शुक्रवार को शहर के पुलवा घाट और शिवव्रत साह घाट सहित दर्जनों छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाटों पर साफ-सफाई, रोशनी, सुरक्षा, श्रद्धालुओं की सुविधा और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने कहा कि छठ महापर्व आस्था, परंपरा और संस्कृति का महान पर्व है। छठ व्रतियों की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से जिले के 43 प्रमुख छठ घाटों पर विशेष निगरानी की व्यवस्था की जा रही है। घाटों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं और गतिविधियों पर नजर रखने के लिए नियंत्रण कक्ष बनाया जा रहा है। इसके साथ ही स्वास्थ्य शिविर, एंबुलेंस और चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी, ताकि किसी आपात स्थिति में श्रद्धालुओं को तत्काल सहायता मिल सके। विधायक ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन की तैयारियों की सराहना करते हुए कहा कि छठ पूजा शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए



आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर दरौंदा विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह ने कहा कि छठ के दौरान घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटती है। ऐसे में सुरक्षा, स्वच्छता, रोशनी और आवागमन की समुचित व्यवस्था जरूरी है। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता भी प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर श्रद्धालुओं की सेवा और सहयोग के लिए तत्पर हैं।

छठ को लेकर डुमरिया और बरौली छठ घाट का हुआ निरीक्षण

गोपालगंज। छठ महापर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से डीएम समीर सौरभ एवं एसपी विनय तिवारी द्वारा विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में अधिकारियों ने बैकुंठपुर प्रखंड स्थित प्रसिद्ध डुमरिया घाट तथा बरौली प्रखंड कार्यालय के पास स्थित छठ घाट का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान घाटों की स्थिति, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधा से संबंधित तैयारियों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने घाटों पर छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखने तथा आवश्यक सावधानियां बरतने का निर्देश दिया। साथ ही घाटों पर स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, आवागमन एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा छठ महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक तैयारियां समय पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है, ताकि लोक आस्था का महापर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

शिक्षकों की समस्याओं को लेकर सरकार गंभीर : शिक्षा मंत्री

पंचदेवरी। बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश कुमार तिवारी ने शुक्रवार को पंचदेवरी प्रखंड क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं और स्थानांतरण प्रक्रिया को लेकर सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं का निदान जल्द किया जाएगा। ट्रांसफर की प्रक्रिया अपडेट हो चुकी है और इसका शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षकों की जो भी मांगें हैं, उन्हें पूरा करने के लिए सरकार हर स्तर पर प्रयास कर रही है। शिक्षकों को धैर्य रखना चाहिए। सरकार उनकी उम्मीदों से भी बढ़कर काम करने के लिए तत्पर है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शिक्षकों की समस्याओं को लेकर सरकार गंभीर है और उनके समाधान की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पंचदेवरी से अपने पुराने जुड़ाव का जिक्र करते हुए मंत्री ने कहा कि उनका इस क्षेत्र से काफी पुराना लगाव रहा है। उन्होंने अपना पहला चुनाव पंचदेवरी-कटेया क्षेत्र से ही लड़ा था। इस कारण यहां के लोगों और क्षेत्र की जनता से उनका विशेष जुड़ाव बना हुआ है। दौरे के दौरान मंत्री सबसे पहले महेशपुर पहुंचे, जहां उन्होंने अम्बिकेश तिवारी से मुलाकात की। इसके बाद भृंगीचक में अभिनव मिश्रा के आवास पर पहुंचे। फिर भाठवा में पूर्व मुखिया एवं भाजपा नेता उपेंद्र मिश्रा के आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। यहां उन्होंने पार्टी संगठन को लेकर काफी देर तक चर्चा की। इससे पहले गुरुकुल स्कूल में बच्चों ने उनका स्वागत किया। पंचदेवरी में पीडी सेंट्रल एकेडमी के संयोजक की ओर से भी उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर पूर्व प्रमुख रवि प्रकाश मणि त्रिपाठी, जगदम्बा राम, विनय यादव, दीपक वर्णवाल, संजय मिश्र, संतोष दुबे, मनोज मिश्र, आशीष दुबे, बंटी दुबे, प्रवीण गोड़, आशुतोष मिश्रा, मुन्ना मिश्रा, आलोक मिश्रा, भूषण दादा और पंकज मिश्रा सहित कई भाजपा नेता मौजूद रहे।

सरकारी विभाग के अधिकारी ने ही रची थी रंगदारी की साजिश
एक करोड़ मांगने में सहायक अभियंता गिरफ्तार

सीवान। सरकारी विभाग में पदस्थापित एक सहायक अभियंता ने अपने ही विभाग के वरीय अधिकारी को डराकर एक करोड़ रुपये वसूलने की साजिश रच डाली। इसके लिए उसने खुद को प्रतिबंधित नहीं बल्कि भाकपा (माले) के तिरहुत प्रक्षेत्र का एरिया कमांडर बताकर ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता को धमकी भरा पत्र भेजा। हालांकि, पुलिस के तकनीकी अनुसंधान ने पूरे मामले का खुलासा कर दिया और इस साजिश में शामिल सहायक अभियंता रफीक आलम को गिरफ्तार कर लिया गया।

मामला नगर थाना क्षेत्र का है। ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल सिवान-01 के कार्यपालक अभियंता राजेश कुमार चौधरी को डाक के माध्यम से एक गुमनाम पत्र मिला था। पत्र में प्रेषक के रूप में मुजफ्फरपुर जिले के बोचहां थाना क्षेत्र के उनसर गांव निवासी लोहा सिंह का नाम और पता दर्ज था। पत्र में खुद को भाकपा (माले) का एरिया कमांडर बताते हुए एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। साथ ही रकम नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी।

कार्यपालक अभियंता की शिकायत पर नगर थाना में 10 नवंबर को कांड संख्या 1065/26 दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। तकनीकी अनुसंधान और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मामले की कड़ियां जोड़ते हुए रफीक आलम को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त कैमूर जिले के कुदरा थाना क्षेत्र के सराय फकड़ा गांव का निवासी है और वर्तमान में सिवान में ग्रामीण कार्य विभाग में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत है।

पुलिस के अनुसार, जांच में यह खुलासा हुआ कि रंगदारी मांगने के लिए कथित एरिया कमांडर की पहचान का सहारा लेने वाला व्यक्ति विभाग का ही सहायक अभियंता था। गिरफ्तारी अभियान में नगर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक उमेश पासवान, नगर थाना के अन्य कर्मियों तथा जिला आसूचना इकाई की टीम शामिल रही।

सड़क हादसे में बुझ गया घर का चिराग! गाय से टकरायी बाइक, 23 वर्षीय विवेक की मौत

विजयीपुर। विजयीपुर थाना क्षेत्र के बेहतर भविष्य के सपने संजोए एक परिवार पर उस वक्त दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, जब 23 वर्षीय विवेक कुमार यादव की सड़क हादसे में मौत की खबर मिली। बाइक और गाय के बीच हुई जोरदार टक्कर में विवेक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तत्काल एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान विजयीपुर थाना क्षेत्र के धनौती गांव निवासी शंकर यादव के 23 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार यादव के रूप में हुई है। विवेक भोपाल में रहकर जीएनएम नर्सिंग की पढ़ाई कर रहे थे और उनका फाइनल कोर्स पूरा हो चुका था। पढ़ाई पूरी होने के बाद परिवार को उनसे काफी उम्मीदें थीं। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। विवेक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजन आनन-फानन में भोपाल पहुंचे। वहां आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद परिजन शव को लेकर सड़क मार्ग से अपने पैतृक गांव धनौती के लिए रवाना हो गए हैं। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जिस युवक को परिवार ने बेहतर शिक्षा देकर उज्ज्वल भविष्य के सपने संजोए थे, उसकी असमय मौत ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोग और शुभचिंतक इस दुखद घड़ी में परिवार को सांत्वना दे रहे हैं।

छठ घाटों की तैयारी को लेकर डीएम-एसपी ने देर रात किया निरीक्षण

सीवान। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। श्रद्धालुओं और बाहर से आने वाले यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने गुरुवार की देर रात शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों और छठ घाटों का संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, दाहा नदी पुल, पंचमंदिरा पोखर और गांधी मैदान के समीप स्थित पोखर की व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बस स्टैंड परिसर में साफ-सफाई, रंग-रोगन और आकर्षक सजावट कराने का निर्देश नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को दिया। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व पर दूसरे प्रदेशों और शहरों से बड़ी संख्या में लोग सिवान पहुंचते हैं। ऐसे में बस स्टैंड सहित शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ और व्यवस्थित रखा जाए, ताकि बाहर से आने वाले यात्रियों के बीच शहर की अच्छी छवि बने। इसके बाद डीएम और एसपी ने सिवान रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया।

मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
प्रयागराज- 211004, उ०प्र०, भारत
Motilal Nehru National Institute of Technology Allahabad
Prayagraj - 211004, UP, INDIA

सम सेमेस्टर सेशन 2026-27 के लिए Ph.D. एडमिशन

इंस्टीट्यूट के Ph.D. (फुल-टाइम/पार्ट-टाइम/स्पॉन्सर्ड) प्रोग्राम में एकेडमिक सेशन 2026-27 के लिए एडमिशन के लिए एप्लीकेशन मंगाए गए हैं। एलिजिबल कैंडिडेट 06/11/2026 से 17/11/2026 तक URL https://mnnitadm.samarth.edu.in/ के ज़रिए ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं। एप्लीकेशन फीस ₹1200.00 (SC/ST/PwD के लिए ₹600.00) है। ज़्यादा जानकारी के लिए, कृपया इंस्टीट्यूट की वेबसाइट http://www.mnnit.ac.in और https://mnnitadm.samarth.edu.in पर जाएं।

निदेशक

CBC-21306-11-0006-2627

राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड
NATIONAL SEEDS CORPORATION LTD.
(भारत सरकार का उपक्रम-मिनी रत्न कम्पनी)
कॉर्पोरेट पहचान संख्या (CIN): U74899DL1963GOI003913
क्षेत्रीय कार्यालय : ब्लॉक-एफ, प्लॉट-12, सेक्टर-5, सॉल्ट लेक, कोलकाता-700091
फोन: 033-2367-1077 / 74, ई-मेल : nsc.kolkata.ro@gmail.com

सूचना / NOTICE

National Seeds Corporation Limited RO Kolkata is inviting a Short term e-tender for Supply of fresh finished product of Makhana Seeds on F.O.R. Assam (up to Block level destinations) basis when all packing materials is arranged / provided by the Bidder /Tenderer / Supplier and payment after payment basis latest by 17.11.2026 within 14:30 hrs.
For details, please visit the Tender Section of Corporation's website www.indiaseeds.com. Corrigendum / Addendum will be published only on the NSC's website.

S/D क्षेत्रीय प्रबंधक, राष्ट्रीय बीज निगम, कोलकाता

यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना

(1) रेलवे ट्रैक, स्टेशन एवं समपार फाटकों गेटो के आस-पास भीड़ एकत्रित न करें, यह खतरनाक हो सकता है।
(2) एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए पैदल उपरिगामी पुल/लिफ्ट/एस्केलेटर का उपयोग करें।
(3) रेलगाड़ी के डिब्बों में स्टोव जलाना, आतिशबाजी का सामान, बारूद से बनी वस्तुएँ, गैस सिलिण्डर, तेजाब, फिल्म, मिट्टी का तेल एवं पेट्रोल जैसे अन्य ज्वलनशील वस्तुओं को साथ लेकर यात्रा न करें। यह खतरनाक हो सकता है। यह भारतीय रेल अधिनियम 1989 के अनुच्छेद 164 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है।
(4) यात्री यदि इस प्रकार के ज्वलनशील एवं विस्फोटक वस्तुओं को गाड़ी अथवा स्टेशन प्लेटफार्म पर देखें तो तुरन्त इसकी सूचना गार्ड/टीटीई, स्टेशन मास्टर, रेलवे पुलिस या रेलवे सुरक्षा बल को दें, इसी में आपकी एवं सभी यात्रियों की सुरक्षा है।
(5) टिकट चेकिंग स्टाफ यदि किसी यात्री को ऐसे ज्वलनशील एवं खतरनाक विस्फोटक वस्तुओं के साथ यात्रा करते हुए पाते हैं, तो उन्हें उतरवा कर उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर सकते हैं।
(6) गाड़ी के छत एवं पायदान पर यात्रा न करें, यह जानलेवा एवं दण्डनीय है।
(7) सड़क उपरिगामी पुल/अण्डरपास से होकर रेलवे लाइन पार करें।

पूर्वोत्तर रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
मुजापि/संख्या-02
nerailwaygkp | nerailwaygkp | nerailwaygkp
@n.e.railwaygkp | www.ner.indianrailways.gov.in

बिहार सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग
कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय, नगर परिषद हिलसा, नालन्दा
निविदा आमंत्रण सूचना सं० E – Tender :- 08 / 2026–2027
(E-Tendering On Website- https://eproc2.bihar.gov.in)

1. निविदा दाता का नाम एवं पता : नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, हिलसा।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक-09.11.2026
3. प्री बीड मीटिंग का समय स्थान/तिथि : दिनांक-01.11.2026 के 11:00 बजे से (on website https://eproc2.bihar.gov.in)
4. परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय : दिनांक-30.11.2026 से दिनांक-07.12.2026 समय 17.00 बजे, स्थान – कार्यालय, नगर परिषद, हिलसा।
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि : दिनांक- 07.12.2026 के 17:00 बजे तक (on website https://eproc2.bihar.gov.in)
6. तकनीकी/बीड खोलने की तिथि : दिनांक-07.12.2026 के 17:30 बजे के बाद (on website https://eproc2.bihar.gov.in)
7. कार्य का विवरण :-

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (online के माध्यम से) (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (अपरिवर्तनीय) (रू0 में)	Bid Processing Fee (Through online payment) (अप्रतिदेय) (रू0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि	अभियुक्ति
01	वार्ड सं0-03 में रौनदपुर में मुख्य सड़क से राजू मिस्त्री, परमानन्द प्रसाद रामजनी ठाकुर के घर होते हुए मुख्य सड़क तक आरसीसीपी नाली का निर्माण कार्य।	1804266.00	36100.00	5000.00	As Per Eproc2.0	तीन माह	15वीं वित्त आयोग
02	वार्ड सं0-10 बरखाना में नगीना यादव के घर से बैजू गोप के घर से होते हुए पईन तक आरसीसीपी नाली का निर्माण कार्य।	2168500.00	43500.00	5000.00	As Per Eproc2.0	तीन माह	15वीं वित्त आयोग
03	वार्ड सं0-22 बहादुर यादव के घर होते हुए सुरेश प्रसाद के घर के रंजीत राम के घर तक पेभर ब्लॉक एवं आरसीसीपी नाली का निर्माण कार्य।	1263800.00	25500.00	2500.00	As Per Eproc2.0	तीन माह	15वीं वित्त आयोग
04	वार्ड सं-26 विजेन्द्र राम के घर से लेकर बालदेव राम के घर तक पेभर ब्लॉक एवं आरसीसीपी नाली का निर्माण कार्य।	1278405.00	25600.00	2500.00	As Per Eproc2.0	तीन माह	15वीं वित्त आयोग
05	वार्ड सं0-05 में राजेन्द्र प्रसाद से केदारलाल के घर से एवं रामावतार वर्मा के मकान से जगदीश प्रसाद महतो के मकान से होते हुए डोर नदी तक पेभर ब्लॉक एवं नाली निर्माण कार्य।	1727145.00	34600.00	5000.00	As Per Eproc2.0	तीन माह	षष्टम राज्य वित्त आयोग
06	वार्ड सं0-05 में किरण देवी के घर से मुन्नु राम के आगे तक पेभर ब्लॉक एवं नाली निर्माण कार्य।	999603.00	20000.00	1250.00	As Per Eproc2.0	तीन माह	षष्टम राज्य वित्त आयोग
07	वार्ड सं-21 में दिनेश प्रसाद से लेकर प्रदीप कुमार तक एवं अशोक कुमार से लेकर मुनरीला यादव तक आरसीसीपी नाली ढक्कन सहित कार्य।	2248400.00	45000.00	5000.00	As Per Eproc2.0	तीन माह	षष्टम राज्य वित्त आयोग
08	वार्ड सं0-17 में अमय कुमार हार्डवेयर (सब्जी बाजार) दुकान होते हुए पोखर के किनारे से जयनन्दन ठठेरा के घर के पीछे सटे हुए होते हुए शंभु प्रसाद के घर तक नाली ढक्कन सहित निर्माण कार्य। (पुर्ननिविदा)	1888837.00	37800.00	5000.00	As Per Eproc2.0	तीन माह	15वीं वित्त आयोग
09	वार्ड सं0-22 में शिवकुल कॉलोनी में अशोक पासवान के घर से धर्मेश कुमार, टुनटुन यादव, सतीश कुमार के घर होते हुए अजय यादव के घर तक पेभर ब्लॉक एवं नाला ढक्कन सहित निर्माण कार्य। (पुर्ननिविदा)	998532.00	20000.00	1250.00	As Per Eproc2.0	तीन माह	षष्टम राज्य वित्त आयोग
10	वार्ड सं0-01 में खोरमपुर राजकुमार चौधरी के घर से होते हुए रामप्रवेश राम के घर से होते हुए टुनटुन पासवान के घर तक एवं मदन यादव के घर से नगीना यादव के घर तक नाली	812400.00	16500.00	1250.00		तीन माह	15वीं वित्त आयोग

नोट:-1. Bidders Should submit bid processing fee through online Payment as per amount generated on website https://eproc2.bihar.gov.in
8. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन (निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि से)
विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in अथवा www.state.bihar.gov.in/prdbihar में देखा जा सकता है। विशेष जानकारी के लिये www.eproc2.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है।

PR. No. 015273 (B&C) 2026-27
नगर कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, हिलसा

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
अगर मन में हो एच.आई.वी. अथवा यौन जनित रोग से जुड़े सवाल तो तुरन्त 1097 पर करें कॉल।

A Market Leader in Security, Cash Logistics & Facility Management
SIS Group Enterprises
SIS LIMITED
CIN: L75230BR1985PLC002083
Registered Office: Annapoorna Bhawan, Patliputra, Telephone Exchange Road, Kurji, Patna - 800 010, Bihar
Ph. No.: +91 612 226 6666
Website: www.sisindia.com E-mail: shareholders@sisindia.com

POSTAL BALLOT NOTICE

The members of SIS Limited ("Company") are hereby informed that pursuant to Sections 108, 110 and other applicable provisions of the Companies Act, 2013 ("Act"), the rules made thereunder, the circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs ("MCA Circulars") and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("SEBI Listing Regulations"), the Company seeks approval of the Members for the continuation of directorship of Mr. Upendra Kumar Sinha (DIN: 00010336) as a Non-Executive Independent Director upon attaining the age of 75 years, as set out in the Postal Ballot Notice along with the Explanatory Statement ("Notice") dated November 4, 2026, by way of electronic means only (i.e. remote e-voting).

In compliance with the MCA Circulars, the Company has completed the dispatch of the Notice on Thursday, November 12, 2026, through electronic mode only to those Members whose e-mail addresses are registered with the Company/Depositories and whose names are recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the National Securities Depository Limited and Central Depository Services (India) Limited ("Depositories") as on Friday, November 6, 2026 (the "Cut-off date"). Accordingly, physical copies of the Notice, postal ballot forms and pre-paid business reply envelopes have not been sent to the Members for this Postal Ballot.

The Notice is available on the website of the Company at www.sisindia.com, on the website of Central Depository Services (India) Limited ("CDSL") at www.evotingindia.com, and at the relevant sections of the websites of the stock exchanges on which the Equity Shares of the Company are listed i.e., National Stock Exchange of India Limited and BSE Limited.

In terms of the provisions of Sections 108 and 110 of the Act and the relevant rules made thereunder, Regulation 44 of the SEBI Listing Regulations and MCA Circulars, the Company is providing an e-voting facility for its Members to enable them to cast their votes electronically on the resolution set forth in the Notice. The Company has engaged the services of CDSL for the purpose of providing the e-voting facility to its members. Members are requested to carefully read the instructions indicated in the Notice and communicate their assent (for) or dissent (against) only through remote e-voting.

Members are requested to note that e-voting shall commence from Friday, November 13, 2026, at 09:00 A.M. (IST) and will end on Saturday, December 12, 2026, at 05:00 P.M. (IST). Members are requested to refer to the e-voting instructions in the Notice regarding the process and manner for e-voting. The voting rights of the Members shall be in proportion to their shareholding in the paid-up equity share capital as on the Cut-off date. A person who is not a member as on the Cut-off date should treat this notice for information purposes only. The e-voting module shall be disabled by CDSL for voting after 05:00 P.M. (IST) on Saturday, December 12, 2026, and votes will not be allowed beyond that date and time.

To facilitate members receiving this Notice electronically, members who have not yet registered/ updated their email IDs, are requested to do so in the manner mentioned below:

a. Members holding shares in physical form are requested to send an email to the Company or RTA, providing details of their folio number, email address, mobile number, a copy of the share certificate, and self-attested scanned copies of the PAN and Aadhaar card.

b. Members holding shares in dematerialised form are requested to register/ update their email ID with their respective Depository Participants with whom their demat account(s) are maintained. Alternatively, members may send a request to the Company or the RTA along with a scanned copy of the signed request letter, providing the email address, mobile number, self-attested PAN copy and Client Master copy.

The Board of Directors has appointed Mr. Sudhir Vishnupant Hulyalkar, Company Secretary in Practice (FCS No. 6040, CP No. 6137), as the Scrutinizer for conducting the Postal Ballot through the remote e-voting process in a fair and transparent manner.

The result of the Postal Ballot will be declared by the Chairperson or any other authorised person of the Company on or before Tuesday, December 15, 2026, and communicated to the Stock Exchanges and Depositories. It will also be displayed on the Company's website at www.sisindia.com and on the website of CDSL at www.evotingindia.com.

Any grievances relating to Postal Ballot through e-voting can be addressed to Ms. Pushpalatha Katkuri, Company Secretary and Compliance Officer at 106, 1st Floor, Ramanashree Arcade, 18, M.G. Road, Bengaluru, Karnataka – 560 001, India, Telephone: +91 80 2559 0801 or through e-mail at shareholders@sisindia.com.

In case of queries relating to voting by electronic means, please refer to the Frequently Asked Questions ("FAQs") and e-voting manual available at www.evotingindia.com under the "Help" section or write an email to helpdesk.evoting@cdslindia.com or contact Mr. Rakesh Dalvi, AVP, CDSL at 1800 21 09911.

For SIS Limited
Sd/-
Date: November 12, 2026 Pushpalatha Katkuri
Place: Bengaluru Company Secretary and Compliance Officer

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण/पूर्व मध्य रेल/महेंद्रूघाट/पटना निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन ई-निविदा के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।
1. ई-निविदा संख्या : एस एण्ड टी-सी-157, 2. कार्य का नाम : पूर्व मध्य रेलवे के मुजफ्फरपुर-सगौली खंड पर दोहरीकरण कार्य के सिलसिले में, मुजफ्फरपुर स्टेशन के पास लेवल क्रॉसिंग (L.C.) गेट नंबर 104 और दामोदर रोड ओवर ब्रिज (ROB) के निकट S&T उपकरणों तथा अन्य सिग्नलिंग एवं दूरसंचार प्रतिष्ठानों को स्थानांतरित करना। 3. अनुमानित लागत : ₹1,34,34,870.33, 4. अग्रधन राशि : ₹2,68,500.00, 5. निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य। 6. कार्य निष्पादित करने का समय : 04 महिना। 7. ई निविदा ऑनलाइन जमा करने का अंतिम दिन एवं समय : 04.12.2026 को 13.00 बजे तक। विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज भारतीय रेल की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखने के लिए उपलब्ध है।
उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण/उत्तर-II/पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/1337/एसएण्डटी/एसएण्डटी/टी/26-27/32

पूर्व मध्य रेल
ई-खुली निविदा सूचना
ई-खुली निविदा सूचना सं०- एस-टी/सोन/ई-खुली निविदा/26-27/47 दिनांक 09.11.2026
मंडल रेल प्रबन्धक (सिग्नल एवं दूर संचार)/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली ई-निविदा' आमंत्रित करते हैं। ई-निविदा की अंतिम तिथि 03.12.2026 को 12:00 बजे तक निर्धारित है। ई-निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाइट – www.ireps.gov.in पर किया जा सकता है।
क्र.सं.: 1, ई-निविदा सं०: एस&टी/सोन/ई-खुली निविदा/26-27/47, कार्य का नाम: सोनपुर मंडल में निम्नलिखित स्थानों पर लिमिटेड हाइट सबवे (LHS) के निर्माण के संबंध में उससे जुड़े S&T (सिग्नल एवं दूरसंचार) कार्यों का प्रावधान: परमानंदपुर-सोनपुर के बीच LC नंबर 5, नयागांव- शीतलपुर के बीच LC नंबर 10F, दिघवारा- बाराgopal के बीच LC नंबर 20, दिघवारा- बारागोपाल के बीच LC नंबर 23, तथा बारागोपाल-गोल्डिनगंज के बीच किमी 308/28-30 पर स्थित अनधिकृत मार्ग (trespassing location) पर। अनुमानित लागत (रू. में) : 1,93,44,059.88, बयाने की राशि (रू. में) : 3,96,900.00, निविदा प्रपत्र की कीमत समावेश (रू. में) : 0.00, समापन अवधि : एल.ओ.ए. जारी होने की तिथि से 09 (नौ) माह तक।
उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। दिनांक 09.11.2026 को अपलोड कर दिया गया है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार- किसी भी निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदादाता का इसमें कोई दावा मान्य नहीं होगा। निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर
पूर्व मध्य रेल, सोनपुर
पीआर/1331/एसईई/एस&टी/टी/26-27/48


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सुपौल
Email Id:- ee.supaul.bcd@gmail.com
अति अल्पकालीन नीलामी सूचना संख्या-03 / 2026-27

अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, सहरसा का पत्रांक-890 अनु0 दिनांक-04.11.2026 एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी, बसंतपुर का पत्रांक-1209/सचव, बसंतपुर, दिनांक-28.10.2026 के आलोक में प्रखंड कार्यालय, बसंतपुर का चहारदीवारी जो जर्जर एवं अनुपयोगी है को तोड़कर हटाने हेतु नीलामी करने के लिए दिनांक-23.11.2026 को 1.00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय (भवन प्रमंडल, सुपौल) में निम्न शर्तों के अनुसार डाक बोली के माध्यम से नीलामी की जायेगी।
कार्य की विवरणी:-

क्र0 सं0	कार्य का नाम	डाक बोली की न्यूनतम राशि
1	2	3
1.	Demolishing of old Boundary wall in the campus of Basantpur Block, Birpur, Dist-Supaul for the year 2026-27	Rs. 32,300.00

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
PR. No. 015218 (BCD) 2026-27
कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, सुपौल
नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पटना
गुमशुदा व्यक्ति की विवरणी



01. कांड सं0 :- सुल्तानगंज थाना कांड सं0- 395/26, दि0- 05.10.2026 धारा-137(2) बी0एन0एस0
02. जिला :- पटना
03. थाना :- सुल्तानगंज
04. गुमशुदगी की तिथि :- 02.10.26
05. गुमशुदा का स्थान :- कासिम कॉलोनी नौमहल स्थित वादी का किरायी का मकान थाना सुल्तानगंज जिला पटना
06. सूचना करने की तिथि :- 03.10.2026
07. लिंग/उम्र :- पुरुष/12 वर्ष
08. धर्म :- मुस्लिम
09. भाषा :- हिन्दी/उर्दू
10. शरीर का बनावट :- सामान्य
11. रंग :- गोरा
12. उचाई :- 4 फीट
13. पहचान/चिन्ह :- दाहिने भौंह पर कटे का निशान
14. गुमशुदा का पहनावा :- काला रंग का जिंस एवं आसमानी रंग का टीशर्ट
15. गुमशुदा का नाम/पता :- मो0 राहिब उर्फ डुग्गु उम्र करीब 12 वर्ष पिता मो0 अली पता कासिम कॉलोनी नौमहल दरगाह रोड सुल्तानगंज जिला पटना
16. कांड का विवरणी :- यह कांड वादी मो0 अली पिता मो0 गुलाम रसूल पता कासिम कॉलोनी नौमहल दरगाह रोड सुल्तानगंज जिला पटना के द्वारा दिये गये लिखित आवेदन के आधार पर सुल्तानगंज थाना कांड सं0-395/26 दिनांक-05.10.2026 धारा 137(2) बी0एन0एस0
17. विशिष्टता :- उचित ईनाम
18. गुमशुदा का परिवार का मोबाईल नं0 एवं पुलिस पदाधिकारी का मोबाईल नं0 :- वादी का मो0 नं0 9334160761 पुलिस पदा0 पु0अ0नि0 चंदकिशोर झा 7870300223

चन्द्र किशोर झा
पु0अ0नि0
सुल्तानगंज थाना पटना
PR- 015199 (Police) 2026-27
विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिहार सरकार
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, CENTRAL BUILDING DIVISION No.- 01, PATNA
SHORT TIME QUOTATION INVITATION NO.-111YEAR2026-27
(For Special Condition, Description and Quantity are available in Website :- State.bihar.gov.in/prdbihar)

Quotation Invited From Registered Contractors/Reputed Firms/Companies for the Following Works on Dated 17.11.2026 at 12:00 PM in Sealed Envelope. The Place of Submitting Quotation Will be Office at Undersigned, Office of Superintending Engineer, S.B.C., B.C.D., Patna. Received Quotation will be Opened on Same Day at 3:00 PM in front of Quotationer or Their Representatives.

Price of Quotation (in Rs.)With Quotation Letter Rate of Quotation Paper Through ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS)in the Designation (Name of Executive Engineer, Central Building Division No.- 01, Patna) Deposite Mandatory, Which After The Date of Publication of Quotation. Computerized O-Grass Receipt, Which is Before the Date of Quotation should be, is not Entertained.For Rs. 0 to 50,000 – Rs. 250, For Rs. 50,001 to 2,50,000 – Rs. 500, For Rs. 2,50,001 to 5,00,000 – Rs. 750, For Rs. 5,00,001 to 10,00,000 – Rs. 1,250, For Rs. 10,00,001 to 15,00,000 – Rs. 2,500

Details of Works :-

Sl No.	Name of Work/Specification
01-	Renovation of Room No.- 177 of Health Deptt. at First Floor at Vikash Bhawan, Patna for the year 2026-27.
02-	S/F/F of Furniture in Room No.- 177 of Health Deptt. of 1st Floor at Vikash Bhawan, Patna for the year 2026-27.
03-	Renovation of Room No.- 178 of Health Deptt. at First Floor at Vikash Bhawan, Patna for the year 2026-27.
04-	S/F/F of Workstation in Room No.- 178 of Health Deptt. of 1st Floor at Vikash Bhawan, Patna for the year 2026-27.
05-	Renovation of Room No.- 264 Part (Section- 17) of Health Deptt. at Second Floor at Vikash Bhawan, Patna for the year 2026-27.
06-	Renovation of Room No.- 264 Part (Section- 9A + 9B) of Health Deptt. at Second Floor at Vikash Bhawan, Patna for the year 2026-27.

➢ सक्षम पदाधिकारी के निर्देशन में ही सामानों की आपूर्ति की जाती है तथा आपूर्तिकर्ताओं आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान की प्रक्रिया की जाएगी।
➢ विशेष जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यावधि में सम्पर्क करें।
1. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

PR- 015196 (B C D) 2026-27
Executive Engineer,
Central Building Division No.- 01, Patna
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।